दिन– मंगलवार | दिनांक– 02 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। संस्था के बैंक खाते में एक सौ पांच करोड़ रुपये हस्तांतरित किए।
02. प्रधानमंत्री ने कहा – उनकी मां के खिलाफ विपक्ष की टिप्पणी, सिर्फ उनकी अपनी मां का नहीं बल्कि देश की सभी माताओं, बहनों और बेटी का है अपमान।
03. एनडीए ने वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में चार सितम्बर को बिहार बंद का ऐलान किया।
04. राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के दैनिक भत्ते को बढ़ाकर एक हजार एक सौ इक्कीस रुपये किया। ग्राम कचहरी सचिवों को अब प्रतिमाह नौ हजार रुपये मिलेगा मानदेय।
05. और, शिक्षा विभाग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण और राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी के कार्यक्रम की घोषणा की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बीच उद्यमिता विकास को बल देना और समुदाय आधारित उद्यमों के विकास में तेजी लाना है। प्रधानमंत्री ने संस्था के बैंक खाते में एक सौ पांच करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किए। श्री मोदी ने कहा कि भारत का विकास महिलाओं के सशक्तिकरण में निहित है और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उनके जीवन से सभी प्रकार की कठिनाइयाँ दूर हों। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य की ग्रामीण महिला उद्यमियों को अब आसानी से धन प्राप्त हो सकेगा।

———बाइट———

जीविका निधि साख सहकारी संघ, इससे गांव–गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। इससे वह जो काम करती हैं, जो व्यवसाय करती हैं उसे आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी और मुझे यह देखकर भी बहुत खुशी है की जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है।

श्री मोदी ने कहा कि पूरी प्रणाली डिजिटल होने के कारण महिलाएं अब मोबाईल से ही सब काम कर सकेंगी।

———बाइट———

इस अवसर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार भी जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड को एक सौ दस करोड़ रुपये की सहायता देगी।

———बाइट———

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सार्वजनिक मंच से अपनी माँ के बारे में अनुचित शब्दों का इस्तेमाल किये जाने पर विपक्षी दलों की आलोचना की है। आज एक कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के मंच से उनकी उस मां को गाली दी गई, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह सिर्फ उनकी मां का अपमान नहीं, बल्कि देश की हर मां—बहन बेटी का अपमान है।

———बाइट———

मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। इस समृद्ध परंपरा वाले बिहार में कुछ दिन पहले जो हुआ, उसकी मैंने कभी कल्पना तक नहीं की थी। किसी बिहार के मेरे भाई—बहन ने कल्पना नहीं की थी। हिन्दुस्तान के किसी व्यक्ति ने कल्पना नहीं की थी। बिहार में आरजेडी, कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। यह गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है, यह देश की मां, बहन, बेटी का अपमान है।

---

एनडीए ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में चार सितम्बर को बिहार बंद का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बंद की कमान एनडीए की महिला इकाई के जिम्मे होगा।

———बाइट———

---

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए की गयी अभद्र टिप्पणी कहीं से उचित नहीं है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी की विचाराधारा में विश्वास रखती है और पार्टी शाब्दिक हिंसा के भी खिलाफ है।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के दैनिक भत्ते को बढ़ाकर एक हजार एक सौ इक्कीस रुपया कर दिया है। पहले उन्हें सात सौ चौहत्तर रुपये मिलते थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने ग्राम कचहरी सचिवों के मानदेय में भी बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। अब ग्राम कचहरी सचिवों को छह हजार रुपये की जगह नौ हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

———बाइट———

कैबिनेट सचिव ने बताया कि पंचायतीराज विभाग में संविदा पर कार्यरत तकनीकी सहायक और आईटी सहायक के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गयी है।

———बाइट———

श्री चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में बीस हजार करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गयी है।

———बाइट———

एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिले में नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा कैबिनेट ने अलग—अलग विभागों में तीन हजार दो सौ नये पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट ने कुल उनचास एजेंडों पर स्वीकृति दी है।

---

शिक्षा विभाग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण और राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा—एसटीईटी के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि टीआरई—फोर का आयोजन सोलह दिसम्बर से उन्नीस दिसम्बर के बीच होगा। अगले वर्ष बीस जनवरी से छब्बीस जनवरी के बीच परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। श्री कुमार ने कहा कि इस चरण के तहत रिक्त पदों की घोषणा भी जल्द की जायेगी। उन्होने बताया कि एसटीईटी परीक्षा का आयोजन चार अक्टूबर से पच्चीस अक्टूबर तक होगा।

———बाइट———

शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए एक बार फिर आवेदन की प्रक्रिया पांच सितम्बर से शुरू होगी। तेरह सितम्बर तक शिक्षक आवेदन कर सकेंगे। इसमें शिक्षकों को तीन जिलों का विकल्प मिलेगा।

---

जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद सेना के जवान छोटू शर्मा का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सारण जिले के बेला शर्माटोला में पूरे सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले, शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। छोटू शर्मा तीस अगस्त की रात को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

---

प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया जिले के सिकटी में सबसे अधिक छप्पन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। संस्था के बैंक खाते में एक सौ पांच करोड़ रुपये हस्तांतरित किए।
02. प्रधानमंत्री ने कहा – उनकी मां के खिलाफ विपक्ष की टिप्पणी, सिर्फ उनकी अपनी मां का नहीं बल्कि देश की सभी माताओं, बहनों और बेटी का है अपमान।
03. एनडीए ने वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में चार सितम्बर को बिहार बंद का ऐलान किया।
04. राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के दैनिक भत्ते को बढ़ाकर एक हजार एक सौ इक्कीस रुपये किया। ग्राम कचहरी सचिवों को अब प्रतिमाह नौ हजार रुपये मिलेगा मानदेय।
05. और, शिक्षा विभाग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण और राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी के कार्यक्रम की घोषणा की।